Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटपफार्म पर नहीं

हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

वर्ष-२६ अंक-२१ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो ०१-१५ नवंबर २०१८ पृष्ठ ०८ मूल्यः१० रु.मात्र

## रेलवे ने मोबाइल से अनारक्षित टिकट सुविधा का किया विस्तार

### यात्रियों को टिकटों के लिए कतारों में प्रतीक्षा करने से मिलेगी निजात



प.सू.का/नई दिल्ली।रेल मंत्रालय ने नकदी रहित लेन-देन (डिजिटल भुगतान) को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मोबाइल से अनारक्षित टिकट बुकिंग सुविधा का विस्तार किया है। एक बड़ा कदम उठाते हुए सभी रेलवे जोनों के सभी गैर-उपनगरीय हिस्सों में अनारक्षित टिकटों की बुकिंग १ नवम्बर से हो रही है। इससे पूरे भारतीय रेल में अनारक्षित टिकटों की बुकिंग आसानी से हो पाएगी। इससे यात्रियों को टिकटों की खरीद के लिए कतारों में लगकर प्रतीक्षा करने से निजात मिलेगी। अनारक्षित टिकटों की बुकिंग के लिए एक शीर्ष परियोजना दिसम्बर २०१४ में शुरू की गयी थी। यह सुविधा मध्य रेल के चुनिंदा स्टेशनों पर उपलब्ध थी। इसके बाद २०१५ और २०१७ के बीच चेन्नई, दिल्ली, कोलकाता और सिकंदराबाद महानगरों के सभी उपनगरीय हिस्से तक अनारक्षित मोबाइल टिकट की व्यवस्था का विस्तार किया गया। इसमें कागज रहित टिकट प्रणाली शामिल थी। सीजन टिकटों और प्लेटफार्म टिकटों सहित अनारक्षित टिकटों की बुकिंग सुविधा एंड्रायड, आईओएस और विंडोज फोनों के लिए उपलब्ध 'यूटीएसओनमोबाइल' एप के माध्यम से उपलब्ध है। टिकट बुकिंग की प्रक्रिया में एप्लिकेशन डाउनलोड करना और विवरण शामिल करते हुए पंजीकरण करना शामिल है। इनके माध्यम से उपभोक्ता इस एप्लिकेशन के जरिए लॉग-इन करके टिकट बुक कर सकते हैं। शुरुआत में केवल आर-वाईलेट के माध्यम से भुगतान किया जा सकेगा। बाद में सभी प्रकार के डिजिटल रूपों में भुगतान की सुविधा मिलेगी, जैसे- डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग, यूपीआई और अन्य वाईलेट। इस एप के माध्यम से टिकटों की बुकिंग करने वाले यात्रियों की औसत दैनिक संख्या वर्ष २०१५ के लगभग ५४०० से बढ़कर अक्टूबर २०१८ में ४.७० लाख हो गयी है।


## नए भारत के निर्माण को भ्रष्टाचार पर अंकुश जरूरी- राष्ट्रपति




प.सू.का/नई दिल्ली।केंद्रीय सतर्कता आयोग के समारोह में दिनांक ३१ अक्टूबर, २०१८ को नई दिल्ली में राष्ट्रपति रामनाथ कोंविद ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह २०१८ समारोह को संबोधित किया। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय है 'भ्रष्टाचार उन्मूलन / नए भारत का निर्माण'। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि नए भारत की रचना के लिए भ्रष्टाचार को समाप्त करना बेहद जरूरी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमारे लोगों का यह विश्वास लगातार बढ़ना चाहिए कि फैसले और कार्य पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्पक्षता के साथ हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सरकारी खरीद की प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाने और भ्रष्टाचार को रोकने के लिए जीईएम ऑनलाइन प्लेटफार्म की शुरूआत की गई है। इस तरह की पहल से ईमानदार नागरिकों और करदाताओं में विश्वास पैदा होता है।

## नहीं होने देंगे कुम्भ २०१३ जैसा हादसा



रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। संचार मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और रेल राज्यमंत्री मनोज सिन्हा ने कहा है कि प्रयागराज का कुम्भ अब तक का सबसे भव्य आयोजन होगा। रविवार दिनांक २८.१०.२०१८ को सिविल लाइंस प्रयागराज में लहुरी काशी समागम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने आये थे। रेल राज्यमंत्री वर्ष २०१३ मे कुम्भ के दौरान इलाहाबाद जंक्शन पर हुए हादसे का जिक्र करते हुए कहा कि कुम्भ जैसा हादसा न हो, इसके लिए बेहतर इंतजाम किए जा रहे हैं।उन्होंने कहा है कि रेलवे की ओर से इलाहाबाद जंक्शन समेत १० स्टेशनों पर विकास कार्यों के लिए ७०० करोड़ रुपये खर्च किया जा रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि वर्ष २०१३ के कुम्भ में हुई अनहोनी इस बार नहीं होने दी जाएगी। इसके लिए बेहतर इंतजाम किए जा रहे हैं। भीड़ नियंत्रण के लिए आधुनिक तकनीक भी अपनाई जा रही है।

Heartline

Heartline Cardiac Care Centre
14/18, Elgin Road, Near Civil Lines Bus Station
Behind BIG BAZAAR, BSNL Office
Allahabad
For Appointments : 8726209111

● ANGIOGRAPHY ● ANGIOPLASTY ● ECHO & COLOUR DOPPLER ● TMT ● HOLTER ● PERMANENT PACEMAKER

22 वर्षों से हृदय रोगियों की सेवा में समर्पित
इलाहाबाद का सर्वप्रथम एवं सर्वश्रेष्ठ हृदय रोग चिकित्सा केन्द्र
हार्टलाइन हृदय रोग अस्पताल
14/18, एल्गिन रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद बस अड्डे के पास, बिग बाज़ार के पीछे - मो. 8726209111

| हृदय रोग के कारण | हृदय रोग के लक्षण | सुविधा उपलब्ध |
| --- | --- | --- |
| धूम्रपान | सीने बाँह व कंधे मे दर्द | ई.सी.जी |
| रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) | बदन या पैरों में सूजन | ईको एवं कलर डॉपलर |
| मधुमेह (डॉयबिटिस) | खाँसी आना, हाँफना | एक्स-रे |
| मोटापा | साँस फूलना | होल्टर |
| मानसिक तनाव | कमजोरी, थकावट | टी.एम.टी. |
| गतीहीन जीवनशैली | पसीना, बेहोशी आना | स्ट्रेस ईको |
| हृदय रोग की परिवारिक समस्या | धड़कन बढ़ना | एन्जीयोग्राफी |
| खून में चर्बी की अधिक मात्रा | चक्कर आना | एन्जीयोप्लास्टी |
| अनियमित खान-पान | घबराहट होना | पेस्मेकर लगाना |

परामर्श का समय : सुबह 9 बजे से 3 बजे तक
अत्याधुनिक उपकरणों से परिपूर्ण गंभीर हृदय रोग कक्ष
24 घण्टे सेवा उपलब्ध

## राष्ट्रीय एकता दिवस' के अवसर पर रेलमंत्री ने किया 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम का शुभांरभ



रे.स.ब्यू./संवा.नई दिल्ली। सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयन्ती के अवसर पर राष्ट्र के हित में उनके द्वारा राष्ट्रीय एकता व अखंडता की दिशा में किये गये कार्यों को याद करते हुए उत्तर रेलवे ने सभी बड़े रेलवे स्टेशनों पर दिनांक ३१.१०.२०१८ विशेष कार्यक्रमों के आयोजन के साथ 'राष्ट्रीय एकता दिवस' मनाया। नई दिल्ली में इस अवसर पर रेल मंत्री पीयूष गोयल ने सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी और स्मरणीय कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। गोयल ने इस अवसर पर आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' का नेतृत्व किया जिसमें बड़ी संख्या में रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों और जनता ने भाग लिया। अश्विनी लोहानी, अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड, राजेश अग्रवाल, सदस्य रोलिंग स्टॉक, एस.एन. अग्रवाल, सदस्य कार्मिक, आर.एन. सिंह, मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, दिल्ली एवं वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों ने भी दौड़ में भाग लिया।उत्तर रेलवे के स्वैच्छिक संगठनों के सदस्यों जैसे उत्तर रेलवे भारतीय स्काउट एवं गाइड एसोसिएशन, रेलवे सुरक्षा बल एवं राष्ट्रीय एकता की थीम पर उत्साह के साथ दौड़ में भाग लिया।

## 'आर्ट ऑफ लिविंग' के सौजन्य से ''माइंड मैनेजमेंट'' कार्यशाला का आयोजन

रे.स.ब्यू./संवा. हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय, हाजीपुर में दिनांक २४.१०.१८ को रेलकर्मियों एवं अधिकारियों के लिए 'आर्ट ऑफ लिविंग' के सौजन्य से 'माइंड मैनेजमेंट' कार्यशाला आयोजित किया गया। इसमें आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से रिपुसूदन एवं रोहित कुमार मिश्र ने तनाव से मुक्त एवं स्वस्थ्य रहने के लिए कुछ उपयोगी कियाओं का प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला में लगभग १०० अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया एवं उससे लाभान्वित हुए। आयोजन में शैलेन्द्र कुमार, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव, मुख्य कार्मिक अधिकारी तथा श्रीमती शिवानी नारायण, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी ने भाग लेकर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया।

## उत्कृष्ट कार्य को इंजीनियरिंग विभाग के रेलकर्मी हुए पुरस्कत

रे.स.ब्यू./संवा. हाजीपुर। मुख्यालय, हाजीपुर में वर्ष २०१७-१८ में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन हेतु दिनांक १६.१०.२०१८ को मुख्यालय एवं पूर्व मध्य रेल के मंडलो में कार्यरत इंजीनियरिंग विभाग के चयनित रेलकर्मियों को प्रमुख मुख्य इंजीनियर के.सी.सैन्सी द्वारा योग्यता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रमुख मुख्य इंजीनियर द्वारा मुख्यालय/मंडलों में पदस्थापित कुल ११४ रेलकर्मियों को पुरस्कृत किया गया जिनमें ०५ अधिकारी तथा १०६ कर्मचारी शामिल थे।

इस अवसर पर प्रमुख मुख्य इंजीनियर के.सी.सैन्सी ने अपने संबोधन में पुरस्कार प्राप्त करने वाले सभी कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह पुरस्कार आपको और बेहतर कार्य के लिए प्रेरित करेगा ।

## संरक्षा पुरस्कारों से सम्मानित हुए रेलकर्मी

रे.स.ब्यू./संवा.नई दिल्ली। सतर्कता और त्वरित कार्रवाई दिखाते हुए सम्भावित दुर्घटनाओं को टालने वाले उत्तर रेलवे के सभी पाँच मंडलों के संरक्षा वर्ग के कुल ०६ कर्मचारियों को दिनांक ०१.११.२०१८ को उत्तर रेलवे ने प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में संरक्षा पुरस्कार तथा महाप्रबंधक उत्कृष्टता सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया।

यह पुरस्कार उत्तर रेलवे के अपर महाप्रबंधक राजेश तिवारी ने प्रदान किए।

इस अवसर पर उत्तर रेलवे, प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, की मुख्य संरक्षा अधिकारी, श्रीमती सीमा कुमार तथा उत्तर रेलवे के अन्य विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे ।

## उत्तर प्रदेश में बहराइच और खलीलाबाद के बीच नई रेल लाइन को कैबिनेट की मंजूरी

प.सू.का/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने उत्तर प्रदेश के बहराइच और खलीलाबादके बीच नई रेल लाइन को मंजूरी दे दी है। यह रेल लाइन भीगा, श्रावस्ती, बलरामपुर, उतरौला, डुमरियागंज, मेहदावल और बंसी से होकर गुजरेगी। इस बड़ी लाइन की कुल लम्बाई २४०.२६ किलो-मीटर होगी। रेल परियोजना की अनुमानित लागत ४६३६.७८ करोड़ रुपये है। उत्तर पूर्व रेलवे का हिस्सा बनने जा रही यह रेल लाइन २०२४-२५ तक बनकर तैयार हो जाएगी। परियोजना से जुड़ी निर्माण गतिविधियों के दौरान यह ५७.६७ लाख मानव दिवस के रूप में प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर उपलब्धह कराएगी। नई रेल लाइन क्षेत्र में सामाजिक और आर्थिक महत्व वाले औद्योगिक विकास को बुनियादी आधारभूत संरचना उपलब्ध कराएगी। इसके साथ ही यह परियोजना बड़ी लाइन के जरिए क्षेत्र के आर्थिक विकास में मददगार बनेगी। यह बहराइच-खलीलाबाद के बीच वैकल्पिक रेल मार्ग के साथ ही सीमावत जिलों को एक दूसरे से जोड़ेगी। यह रेल लाइन गौतमबुद्ध के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण पर्यटन और तीर्थ स्थल श्रावस्ती जिले के भीगा से होकर गुजरेगी।

श्रावस्तीव जैन धर्म के मतावलम्बियों का एक महत्वसपूर्ण पर्यटन केन्द्र भी है। ऐसी मान्यता है कि यहां स्थिति शोभानाथ मंदिर तीर्थंकर संभवनाथ की जन्म स्थली है।बलरामपुर के नजदीक तुलसीपुर में स्थित देवीपाटन मंदिर मां दुर्गा के ५१ प्रसिद्ध शक्तिपीठों में से एक है। ऐसे में नई रेल लाइन से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इस रेल लाइन से परियोजना क्षेत्र में पड़ने वाले इलाकों के स्थानीय निवासियों को रेल सेवा उपलब्ध होने के साथ ही वहां के लघु उद्योगों को भी विकसित होने में मदद मिलेगी।

नीति आयोग द्वारा चिन्हित किए गए ११५ आकांक्षी जिलों में से ४ इस परियोजना क्षेत्र में हैं। इन जिलों में बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती और सिद्धार्थ नगर शामिल है। ऐसे में इस रेल परियोजना को क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए बहुत जरूरी माना गया है।

### पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षो की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशि:

१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
रेल समाचार ब्यूरो

## Dr.T.J.Prakash, IRMS Assumes Charge As PCMD, South Central Railway



**RSB/Secunderabad: Dr. T.J. Prakash has taken charge as Principal Chief Medical Director, South Central Railway on 22nd October, 2018. He belongs to the 1983 batch of Indian Railway Medical Service (IRMS). He studied MBBS and also completed Post Graduate Certificate Course in Health & Family Welfare Management. Dr.T.J Prakash joined the Indian Railways in 1984 as Medical officer of Indian Railway Medical Services (IRMS) and posted at Health Unit, Bokaro Steel City. He worked at Koraput Health unit and Divisional Hospital, Visakhapatnam Division in various capacities. Later he worked as Chief Medical Superintendent, Kurda Road of East Coast Railway and Thiruchirapalli of Southern Railway. Dr.T.J.Prakash joined South Central Railway in August, 2015 and worked as Chief Medical Superintendent, Guntakal Division and Secunderabad Division.**

### लेखकों से

राष्ट्रीय, सामाजिक, फिल्म, व्यंग्य आदि विषयों पर अप्रकाशित लेख प्रकाशन हेतु आमंत्रित है। अपने हस्तलिखित लेख कागज की एक ओर साफ अक्षरों में भेजें।

प्रधान सम्पादक
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव

सम्पादकीय

## सफर इलाहाबाद से प्रयागराज का

इलाहाबाद का नाम बदलकर प्रयागराज किए जाने के पीछे की छुपी राजनीत समझना मुश्किल नहीं है। मौजूदा सरकार उन तमाम नामों से छुटकारा पाना चाहती हैं, जिनका संबंध उनकी नजर इस्लाम या मुस्लिम संप्रदाय से है। इसी सोच के तहत कुछ समय पहले मुगलसराय जंक्शन का नाम बदला गया। अब इलाहाबाद का नाम इसलिए बदला गया है क्योंकि यह नाम मुगल सम्राट अकबर के दिए नाम का एक बदला हुआ रूप है। हालांकि प्रत्यक्ष तौर पर बीजेपी इस बात को स्वीकार नहीं करती, उसकी दलील यह रहती है कि वह शहरों के मूल या प्राचीन नाम को फिर से स्थापित करना चाहती है। लेकिन सचाई यह है कि भारत में कई शहरों के एकाधिक नाम रहे हैं। अलग- अलग कालखंडों में नए नाम आते हैं, साथ में पुराने भी चलते रहते हैं। बनारस के ही तीन नाम हैं। इलाहाबाद की बात करें तो जो भी इस शहर में रहा, उसने खुद के 'इलाहाबादी' होने पर फख्र किया। यह अकबर इलाहाबादी, फिराक, निराला, महादेवी और बच्चन का शहर है। इलाहाबाद का नाम सामने आते ही इलाहाबाद विश्वविद्यालय और हाईकोर्ट की तस्वीर उभरती है। समय बीतने के साथ एक नाम बहुत सारी चीजों से अभिन्न रूप से जुड़ता जाता है। जरा सोंचे इलाहाबादी अमरूद कभी प्रयागराज से पहचाना जाएगा। इस पर राजनीति बंद होनी चाहिए।

*ट्रेन की छत, पायदान या कपलिंग पर बैठकर यात्रा कभी ना करें, जिससे जान व माल की हानि हो।*

# टी. पी. सिंह ने संभाला महाप्रबंधक, उत्तर रेलवे का कार्यभार

रे.स.ब्यू./संवा.नई दिल्ली। उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के महाप्रबंधक, टी.पी.सिंह, ने दिनांक को ०१.११.२०१८ महाप्रबंधक, उत्तर रेलवे का अतिरिक्त कार्यभार संभाला लिया। उन्होंने विश्वेश चौबे का स्थान लिया है जिन्होंने सदस्य इंजीनियरिंग, रेलवे बोर्ड सदस्य एवं पदेन सचिव भारत सरकार का कार्यभार ग्रहण किया है।



१९८० बैच के इंडियन रेलवे मैकेनिकल इंजीनियरिंग सेवा के अधिकारी, श्री सिंह ने भारतीय रेल में अपर महाप्रबंधक,पूर्व मध्य रेलवे,हाजीपुर,वरि.उप महाप्रबंधक, मध्य रेलवे, मुख्य रोलिंग स्टॉक अभियंता-उत्तर पश्चिम रेलवे, मंडल रेल प्रबंधक-गुंटाकल (दक्षिण मध्य रेलवे), अतिरिक्त मंडल रेलवे प्रबंधक-फिरोजपुर (उत्तर रेलवे), मुख्य वर्क्स अभियंता रेल कोच फैक्टरी , मुख्य परियोजना प्रबंधक, रेल कोच फैक्टरी मुख्य कार्मिक अधिकारी रेल कोच फैक्टरी (कपूरथला) मुख्य वर्क्स अभियंता, उत्तर रेलवे, मैकेनिकल कार्यशाला, अमृतसर के रूप में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है।

श्री सिंह भारतीय रेलवे मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग संस्थान-जमालपुर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक हैं और मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट, गुड़गांव से परिचालन में विशेषज्ञता के साथ एमबीए डिग्री धारक हैं।

उन्होंने इलेक्ट्रो मोटिव डीजल (एमडी),लाग्रांज, शिकागो, एमडी डीजल लोकोमोटिव्स के क्रेंककेस के विनिर्माण हेतु संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

वह आलमबाग में डीजल लोको की स्थापना, चारबाग, लखनऊ में इलेक्ट्रिक लोको के पीओएच सुविधा और भगत की कोठी, जोधपुर में मीटर गेज डीजल शेड को ब्रॉडगेज डीजल शेड में बदलने की परियोजनाओं में भी अग्रणी रहे हैं।

श्री सिंह भारतीय रेल की समृद्ध विरासत के संरक्षण के एक भाग के रूप में प्रमुख स्टीम लोकोमोटिव्स के रखरखाव एवं पुन नर्माण कार्य में भी शामिल रहे हैं।

उन्होंने मैकेनिकल कार्यशाला अमृतसर में विनिर्माण एवं रखरखाव कार्य-कलापों की विरासत एवं इतिहास संग्रहालय की स्थापना में प्रमुख भूमिका निभाई है।

## किताबों नें मुझे सपने दिए

किताबों से मेरी दोस्ती बहुत पुरानी है, किताबों ने मुझे सपने दिए, सपने मेरे जीवन का मकसद बन गए, मकसदों को हकीकत में ढालने की कुव्वत भी किताबों ने बक्शी, मायूसियों के आलम में किताबों ने हौसला दिया, किताबें मेरे लिए फरिश्ता है, ये मेरे दिल को छूती हैं, मैं अपने नोजवान दोस्तों से कहता हूँ, किताबों से दोस्ती कर लो।

ए.पी.जे अब्दुल कलाम

# महिला कर्मियों की समस्या को 'संवाद कार्यक्रम' का आयोजन



रे.स.ब्यू./संवा.हाजीपुर। कार्मिक विभाग के तत्त्वावधान में पूर्व मध्य रेल में कार्यरत महिला कर्मियों की समस्याओं से अवगत होने एवं उसका निराकरण के उद्देश्य से दिनांक २३.१०.२०१८ को मुख्यालय के सभाकक्ष में महाप्रबंधक ललित चंद्र त्रिवेदी के साथ एक ''संवाद कार्यक्रम'' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व मध्य रेल के प्रत्येक मंडलों/इकाइयों एवं मुख्यालय हाजीपुर के विभिन्न विभागों के लगभग ६० महिला रेलकर्मियों ने हिस्सा लिया। इस संवाद कार्यक्रम में सम्मिलित महिला कर्मियों ने अपने-अपने कार्यक्षेत्र में आने वाली विविध समस्याओं की ओर महाप्रबंधक का ध्यान आकृष्ट किया।

महाप्रबंधक महोदय ने महिला रेलकर्मियों की शिकायतों को काफी ध्यानपूर्वक सुना एवं तत्काल समाधान होने वाली समस्याओं के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया एवं शेष समस्याओं के समाधान हेतु आश्वासन दिया। महाप्रबंधक महोदय ने इस तरह का कार्यक्रम सभी मंडलों में भी आयोजित करने एवं महिला की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक मंडल में एक महिला अधिकारी को नामित करने का निर्देश दिया। मुख्यालय हाजीपुर में महिलाओं की समस्याओं के निदान के लिए महाप्रबंधक महोदय ने उप मुख्य कार्मिक अधिकारी/आईआरएंड डब्लू श्रीमती शिवानी नारायण को नामित किया। इस कार्यकम में शामिल महिला कर्मियों ने इस बैठक को आयोजित करने के लिए महाप्रबंधक महोदय का आभार प्रकट किया और काफी प्रसन्नता व्यक्त की।

इस कार्यकम में अपर महाप्रबंधक विद्या भूषण, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी शैलेन्द्र कुमार,उप.महाप्रबंधक(विधि) श्रीमती गरिमा श्रीवास्तव, ने प्रमुख रूप से भाग लिया। कार्यकम का संचालन मुख्य कार्मिक अधिकारी (आईआर) सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव, द्वारा किया गया और धन्यवाद ज्ञापन उप मुख्य कार्मिक आधिकारी/आईआरएंडडब्लू श्रीमती शिवानी नारायण, द्वारा किया गया। कार्यकम के आयोजन में वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी/आईआरएंडडब्लू ए०के० झा०, की भी प्रमुख भूमिका रही।

# नहीं बदला जाएगा इलाहाबाद बैंक का नाम- प्रबंध निदेशक

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। पिछले दिनों ही उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इलाहाबाद का नाम प्रयागराज करने के बाद से ही इलाहाबाद बैंक का नाम बदलने की अटकलें जोरों पर थी। लेकिन, बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक सीएच एसएस मल्लिकार्जुन राव ने साफ कर दिया है कि बैंक का नाम परिवर्तित करने की कोई योजना नहीं है। बता दें कि इलाहाबाद बैंक का कुल एनपीए २५ हजार ६०० करोड़ रुपए है। प्रयाग कुंभ २०१६ के लिए इलाहाबाद बैंक को नोडल बैंक का दर्जा दिया गया है। जिससे कुंभ से संबंधित सभी वित्तीय लेनदेन अब इलाहाबाद बैंक के जरिए ही होंगे। प्रबंध निदेशक ने कहा है कि बैंक श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला क्षेत्र में कई एटीएम खोलेगा।



# RPF DIRECTOR GENERAL CONDUCTS SURAKSHA SAMMELAN IN CHENNAI



RSB/Chennai: Arun Kumar IPS, DG (RPF) Railway Protection Force conducted "Suraksha Sammelan"with the officers and RPF Staff of Southern Railway and ICF, at Advanced Welding Training Institute Hall, ICF Chennai. Birendra Kumar PCSC/ Southern Railway and S.K.Parhi Principal Chief Security Commissioner /ICF were also present. Suraksha Sammelan is an interactive session with the RPF officials, to assess the views of the staff in strengthening the RPF and to motivate them. DG RPF also outlined his vision for the Force and exhorted all the Force personnel to take on the fresh challenges thrown up due to the RPF being vested with responsibility of Rail passenger and passenger area security. There was need to change the outlook of the Force to ensure fool proof passenger security in addition to carrying out the traditional role of protectors of Railway Property. Addressing Press and Media, Arun Kumar said, it is his privilege to meet the RPF staff to identify the issues and concerns, working out strategy of addressing Crimes on Railways, ensuring close coordination with State Police, which will help to better the Security of Passengers. He said refresher courses and workshops will be arranged in the respective regions to strengthen and inspire RPF staff to address key issues like snatching of mobile phones, preventing crime on platforms, providing criminal intelligence etc. Arun Kumar was on his first visit to Southern Railway, after taking over the charge as, Director General of Railway Protection Force. He also had a meeting with GM of Southern Railway at Southern Railway headquarters and General Manager of ICF at ICF Office.

## हमारे ग्राहक

"हमारे पास आने वाला हर ग्राहक एक महत्वपूर्ण अभ्यागत है। वह हम पर निर्भर नहीं है, बल्कि हम उस पर निर्भर हैं। वह हमारे काम में बाधक नहीं, साधक है। वह हमारी कार्य-सीमा से विलग नहीं है, बल्कि उसका ही अंग है। हम उसकी सेवा करके उस पर उपकार नहीं करते वरन् वह हमें सेवा का अवसर प्रदान कर हमें अनुग्रहीत करता है। ग्राहक से तर्क करना उचित नहीं है। उससे तर्क करके अभी तक किसी को सफलता नहीं मिली।"

महात्मा गांधी

# त्योहारों के अवसर पर कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस का अस्थायी ठहराव

रे.स.ब्यू./संवा.हाजीपुर। रेलवे द्वारा दिवाली एवं छठ पूजा के अवसर पर यात्रियों की सुविधा हेतु धनबाद मंडल के नेताजी सुभाषचंद्र बोस गोमो-कोडरमा के मध्य स्थित चौबे स्टेशन पर दिनांक ०१.११.२०१८ से २०.११.२०१८ तक अस्थायी रूप से दो मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है। गाड़ी नं.१३१५१ कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस दिनांक ०१.११.२०१८ से २०.११.२०१८ तक १८.४२ बजे चौबे स्टेशन पहुंचेगी और १८.४४ बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी, वापसी में गाड़ी नं. १३१५२ जम्मूतवी -कोलकाता एक्सप्रेस ०८.५० बजे चौबे स्टेशन पहुंचेगी और ०८.५२ बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

# मैक्सिको में चमके दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ी

रे.स.ब्यू./संवा. बिलासपुर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ी वेंकट गौरव ने मैक्सिको में आयोजित अन्तराष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए मिक्स डबल्स में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सुनील सिंह सोइन महाप्रबंधक ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए मिक्स डबल्स मे प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले रेलवे के खिलाड़ी वेंकट गौरव को बधाई दी। वेंकट गौरव को छतीसगढ शासन द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार प्रदान किया गया। वेंकट गौरव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के यांत्रिक विभाग में तकनीशियन के पद पर कार्यरत है।

# रेलवे स्टेशनों, गाड़ियों में अब उपलब्ध होंगी प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं

प.सू.का/नई दिल्ली। रेल यात्रा के दौरान बीमार हो जाने अथवा घायल होने की स्थिति में यात्रियों के लिए रेलवे अब दवाओं, ड्रेसिंग सामग्री से युक्त मेडिकल बॉक्स् और ऑक्सीजन सिलेंडर तथा डिलीवरी किट आदि की व्यवस्थां की गई है, जिसके लिए प्राथमिक उपचार हेतु यात्री रेलगाड़ी अथवा स्टेशनों पर तैनात कर्मचारियों से संपर्क कर सकते है,जैसे टिकट चेकिंग स्टॉफ, रेलगाड़ी अधीक्षकों, गार्डों, स्टेशन मास्टर आदि को प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करने का समुचित प्रषिक्षण दिया गया है।

यात्रा के दौरान गंभीर चिकित्सीय आपात स्थिति होने पर यात्रियों के रूप में मौजूद चिकित्सकों की सेवाएं भी ली जा सकती हैं। रेल मंत्रालय सभी रेलवे स्टेशनों और सभी यात्री गाडियों में फर्स्ट एड चिकित्सा सुविधाएं प्रदान कर रहा है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्था (एम्स), नई दिल्ली के विशेषज्ञ चिकित्कों की अनुशंसा के अनुसार ये वस्तुएं रेलगाड़ी अधीक्षक/गार्ड और स्टेशन मास्टर/स्ट्शन अधीक्षकों के पास उपलब्ध कराई गई हैं। चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए अगले स्टेशन पर रेलवे के चिकित्सक अथवा प्राइवेट प्रेक्टिशनर का भी प्रबंध किया गया है।

स्टेशन मास्टरों के पास निकटवर्ती रेलवे/सरकारी/ प्राइवेट अस्पातालों/क्लिनिकों और एम्बुसलेंस सेवाओं की सूची रखी गई है, जिसमें उनके पते, उपलब्ध सुविधाओं और फोन नम्बर आदि का ब्यौरा दिया गया है।

**कम सामान अधिक आराम**

# यूपी पुलिस में होगी ५६,७८० पदों पर भर्ती

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। पुलिस विभाग में खाली पड़े पदों को अगले वर्ष जून तक भर लिया जाएगा। बहस्पतिवार दिनांक १८.१०.२०१८ को प्रमुख सचिव गह ने पुलिस विभाग के सिपाही, जेल वार्डर और फायरमैन के ५६,७८० पदों के लिए कार्यक्रम जारी किया। कार्यक्रम के अनुसार एक नवंबर से भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

इसमें ३२,००० नागरिक पुलिस के और १६,२१६ पीएसी के पद होंगे। नागरिक पुलिस के लिए २० प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित रखा गया है। अरविंद कुमार ने बताया कि जेल वार्डर के ३६३८ पदों के लिए भी ५ नवंबर से ४ दिसंबर के बीच आवेदन मांगे गए हैं। इसके लिए १० जनवरी को आनलाइन परीक्षा होगी। जेल वार्डर और माउंटेन पुलिस के लिए ऑनलाइन परीक्षा ८ और ६ जनवरी को आयोजित की जाएंगी। परिणाम जुलाई के अंत में घोषित किया जाएगा।

# Vigilant Gate Keeper's timely action in ensuring safety averts rail mishap



RSB/Chennai: Diwakar Kumar Singh, Gate Keeper was on night duty at Level Crossing No.140 between Sulur Road Somanur in Coimbatore – Erode section of Salem Division on 10th October, 2018. At 01.00 hrs he heard an unusual sound while Train No.16616 Coimbator –Mannargudi Chemmozhi Express was passing through the Level Crossing. Upon inspecting the track a rail fracture was found near the LC gate. He safeguarded the track as per rules immediately and informed the matter to the Station Master of Somanur through the phone available at the LC gate. The Station Master swiftly passed the information to the section engineers and higher officials. Speed restriction was imposed in the section for the subsequent train at 2.40 hrs. The track was later restored and trains were operated with normal speed from 3.05 hrs of 10th October, 2018.

In recognition of the good work done by Diwakar Kumar Singh, Gate Keeper, R.K.Kulshrestha, General Manager, Southern Railway presented an award of Rs.2000 along with merit certification. General Manager appreciated the Gate Keeper for his exemplary dedication to duty.

# Southern Railways bag titles in All India RPF Athletics Championship



**RSB/Chennai: Southern Railway RPF Athletic team comprising of 46 Athletes including 16 women athletes participated and won the overall championship trophy in the All India Inter-Railway RPF Athletic Championships 2018 held at Chatrapati Sivaji Maharaj Stadium, Jalgaon (Maharastra) from 29th to 31stOctober, 2018. In individual championships, Mr.Senthil Kumar, Constable/RPF won the first place in 800 meters running event. Mr. Vipin Kumar, Constable/RPF bagged the first place in 5000 meters marathon.In women's category, Ms.Renuka, Constable/RPF won the top slot in 800 m running event while in 400 meters Ms.Lijisha, Constable/RPF bagged the first place. Besides, Southern Railway teams bagged the first place in 400 meters hurdle and 400 meters relay (Men & Women).**

**In all, Southern Railway RPF Athletic team bagged 25 Gold medals, 14 silver and 11 Bronze medals with an total tally of 50 medals. Central Railway RPF team won the runners up trophy with a total of 34 medals. Southern Railway sports personnel have been showcasing outstanding performance in various inter-railway, national and inter-national sports event.**

## लिच्छवी एक्सप्रेस मे गंदगी देख भड़के यात्री

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। सीतामड़ी से दिल्ली जा रही लिच्छवी एक्सप्रेस के कोच संख्या एस -८ मे गंदगी देख यात्री भड़क गये। दिनांक २६.१०.२०१८ शुक्रवार को लिच्छवी एक्सप्रेस शाम के ०७.१० बजे जंक्शन के प्लेटफार्म न॰ ८ पर पहुंची। निर्धारित १० मिनट के ठहराव के बाद जब गाड़ी चलने लगी तभी ट्रेन के शौचालय मे गंदगी देख यात्री भड़क गये और चेन पुलिंग कर दी, जिसके बाद रेल के अधिकारी मौके पर पहुंचे।साफ सफाई के बाद करीब ट्रेन एक घंटे विलंब से रवाना हुई।

# कुंभ में श्रद्धालुओं को बस में मुफ्त सफर का तोहफा

रे.स.ब्यू./संवा.। प्रयागराज में अगले साल लगने वाले कुंभ मेले के दौरान उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम ५०० कुंभ स्पेशल भगवा बसें चलाने का निर्णय लिया है। इन बसों से यात्रा करने वालों को मुख्य स्नान पर्व के दौरान १८ दिनों तक मुफ्त यात्रा की सुविधा भी मिलेगी। ४८ दिनों तक पूरे मेले के दौरान मुफ्त यात्रा सुविधा देने पर विचार कर रही है, लेकिन अभी इस पर उचित फैसला नहीं हो पाया है। इनमें से कुछ बसें इलाहाबाद पहुंच गयी हैं। जिन्हें अभी वाराणसी गोरखपुर, आगरा, बस्ती, बहराइच रूट पर शुरू किया गया है।

बची हुई बसें भी नवंबर अंत तक आने की संभावना है। परिवहन निगम की यह बसें कुंभ मेले के लिए विशेष तौर पर चलाई जा रही हैं। १५ जनवरी से ४ मार्च तक इन्हीं भगवा शटल बसों को प्रयागराज के कुंभ में श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क चलाया जाएगा।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह में ली सत्यनिष्ठा की शपथ


रे.स.ब्यू./संवा.जयुपर। उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा समस्त मण्डलों, कारखानों एवं मुख्यालय पर २६ अक्टूबर से ०३ नवम्बर २०१८ तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान उत्तर पश्चिम रेलवे-प्रधान कार्यालय में टी. पी. सिंह, महाप्रबन्धक-उत्तर पश्चिम रेलवे ने अधिकारियों /कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलवाई। शपथ में सभी को अपने कार्यकलापों के प्रत्येक क्षेत्र में ईमानदारी और पारदर्शिता बनाये रखने के लिये निरन्तर प्रयत्नशील रहने, साथ ही जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में भ्रष्टाचार उन्मूलन करने के लिये निर्बाध रूप से कार्य करने की शपथ दिलाई। इस सप्ताह के दौरान नुक्कड़ नाटक एवं सतर्कता संगोष्ठी आयोजित की जायेगी।

# राम मंदिर को सुप्रीम कोर्ट के फैसले का और इंतजार उचित नहीं - आलोक कुमार

रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा है कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण के लिए सुप्रीम कोर्ट के फैसले का अनिश्चित काल तक इंतजार नहीं किया जा सकता। वीएचपी के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा, 'हमें कोर्ट पर पूरा भरोसा है लेकिन कोर्ट कब फैसला करेगी इस पर भरोसा नहीं है।विश्व हिंदू परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए केंद्र सरकार से कानून बनाने जाने की मांग की है।

प्रयागराज स्थित वीएचपी के कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए आलोक कुमार ने कहा कि, ३१ जनवरी २०१६ को प्रयाग कुम्भ में होने वाली धर्म संसद तक अगर मंदिर निर्माण को लेकर सभी कानूनी बाधाएं दूर हुईं तो मंदिर निर्माण की तिथि का भी ऐलान हो सकता है। यदि ऐसा नहीं हुआ तो धर्मसंसद से ही सरकार से सवाल किए जाएंगे। वीएचपी के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि, जब तक राम मंदिर के मुद्दे का निर्णय नहीं होता है तब तक देश के दो बड़े समुदायों हिंदू और मुसलमानों के संबंधों में तनाव बना रहेगा।

# कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई पीसीएस-प्री की परीक्षा



रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। उत्तर प्रदेश में यूपी लोक सेवा आयोग की पीसीएस प्री २०१८ की परीक्षा सकुशल सम्पन्न हो गयी।२६ जिलों में बनाए गए १३८२ परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित इस परीक्षा में पहली बार माइनस मार्किंग के आधार पर आयोजित हुई पीसीएस-प्री परीक्षा में बड़े पैमाने पर परीक्षार्थियों ने परीक्षा भी छोड़ी है। पीसीएस प्री की परीक्षा में कुल ६,३५,८४४ परीक्षार्थियों ने आवेदन किया था। लंबे समय के बाद यूपी लोक सेवा आयोग की कोई परीक्षा निर्विवाद रुप से सम्पन्न हुई है। जिसमें से ६२.४२ फीसदी अभ्यर्थी ही परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिससे लोक सेवा आयोग के सचिव और दूसरे अधिकारियों कर्मचारियों ने भी राहत की सांस ली है।बाहर निकले अभ्यर्थियों ने प्रश्न पत्र और लोक सेवा आयोग की तैयारी को पहले से बेहतर बताया। साथ ही एक प्रश्न के हिंदी-अंग्रेजी अनुवाद और एक अन्य प्रश्न के उत्तर में सही विकल्प न होने की बात भी कही। हांलाकि कई अभ्यर्थियों ने कहा है कि हो सकता है कि कुछ अभ्यर्थियों ने माइनस मार्किंग की वजह से परीक्षा छोड़ी हो।

# महिलाओं का डिब्बा

- राजेश शर्मा

थी कड़ाके की सर्दी और अन्धेरा गहरा,
आने को थी गाड़ी अब समय रहा था थोड़ा।
उस जहां जुटी थीं महिलाएं....
आना था जहां महिलाओं का डिब्बा।
मनचले घूमते इधर-उधर, था नहीं कोई पहरा,
इतने में हुई उद्‌घोषणा....।


''यात्रीगण कृपया ध्यान दें, दिल्ली से चलकर पानीपत को
जाने वाली २ एसएनपी सवारी गाड़ी प्लेटफार्म नं. एक पर
आ रही है। तकनीकी कारणों से आज महिलाओं के लिए
आरक्षित डिब्बा नहीं लगाया जा सका हैं असुविधा के
लिए हमें खेद है।''

सुनकर ये उद्‌घोषणा गूंज उठा माहौल,
कहीं पे सीटी, कहीं पे भगदड़, और कहीं पर रोष।
गुस्से में आ गई महिलाएं..
नहीं सका कोई उनको रोक।
दांत भींच के चेन खींच के दी एसएनपी रोक,

नहीं चलेगी गाड़ी कहतीं, चाहे कुछ हो जाए,
पहले इक डिब्बे को महिला डिब्बा बनाया जाए।
महिला शक्ति दिखा रही थी अपना रंग,
प्लेटफार्म मानो बन गया कोई मैदान-ए-जंग।

माहौल बिगड़ता देखकर, स्टेशन अधीक्षक ने
आदेश पारित करवाया और एक साधरण डिब्बे को
महिला डिब्बा बनवाया।

# इलाहाबाद मण्डल में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह का आयोजन




रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। देश के प्रथम गृहमंत्री एवं उप प्रधान मंत्री लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस को इलाहाबाद मंडल में दिनांक ३१.१०.२०१८ को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबन्धक ने द्वीप प्रज्जवलन कर सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता कि शपथ भी दिलाई गयी। शपथ ग्रहण के पश्चात मंडल कार्यालय से इलाहाबाद जं० के प्लेटफार्म सं० ०१ तक 'रन फार यूनिटी' का आयोजन किया गया जिसमें मंडल के अधिकारियों, कर्मचारियों, खिलाड़ियों, स्काउड एवं गाइड के सदस्यों के साथ-साथ आर.पी.एफ. के जवानों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु मंडल रेल प्रबन्धक अमिताभ ने सांस्कृतिक टीम, कार्मिक विभाग, भंडार विभाग, आर.पी.एफ, खिलाड़ियों, सिग्नल एवं दूर संचार विभाग, मेडिकल विभाग, स्टेशन मैनेजर टीम तथा स्काउट एवं गाइड के सदस्यों की सराहना एवं प्रसंशा की तथा उन्हें पुरस्कार देने की घोषणा किया। इस अवसर पर अनुराग कुमार गुप्ता, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिषेक रंजन, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक नवीन दीक्षित, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबन्धक मनु प्रकाश दुबे, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त अमरेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# कुंभ में अक्षयवट दर्शन में नहीं होगी परेशानी

रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। प्रयाग कुंभ के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए प्रशासन पूरी तरह तैयारियों में जुट गया है। वहीं दूसरी ओर संगम के किनारे स्थित किले के अंदर आस्था के केन्द्रों को दर्शनार्थ खोले जाने को लेकर राज्य सरकार भी गंभीर दिख रहा है। जिला प्रशासन ने अक्षयवट और सरस्वती कूप को खोले जाने के लिए सैन्य अफसरों को पत्र भेजा है। बतादें कि हाल ही में रक्षामंत्री निर्मला सीतारमण ने किले का निरीक्षण कर आवश्यक दिशानिर्देश दिए थे।

# विश्वेश चौबे रेलवे बोर्ड के नए सदस्य (इंजीनियरिंग) नियुक्त

प.सू.का/नई दिल्ली। विश्वेश चौबे रेलवे बोर्ड के नए सदस्य (इंजीनियरिंग) और भारत सरकार के पदेन सचिव नियुक्त किए गए है। उन्होंने दिनांक ०१.११.२०१८ को अपना कार्यभार संभाल लिया है। श्री चौबे १९८० बैच के भारतीय रेलवे इंजीनियरिंग(आईआर-एसई) सेवा के अधिकारी हैं। इन्होंने महाप्रबंधक उत्तर रेलवे और मेट्रो रेलवे कोलकाता, प्रधान मुख्य इंजीनियर दक्षिण-पूर्व रेलवे, भारतीय रेलवे सिविल इंजीनियरिंग संस्थान, पुणे के निदेशक और मुख्य ट्रेक इंजीनियर (सीटीआई) उत्तर रेलवे तथा क्षेत्रीय रेलवे प्रबंधक डीआरएम (फिरोजपुर) जैसे महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है।



रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक के रूप में उन्होंने रनिंग हॉयर एक्सल लोड के बहुआयामी पहलुओं के निष्पादन की निगरानी की है और रेलवे द्वारा अपेक्षित कार्यवाही के बारे में प्रति माह पूरे रेलवे बोर्ड को अवगत कराया है। श्री चौबे सुरक्षा संबंधित विशेष निधियों (एसआरएसएफ) के कार्य और समस्त भारत आधार पर रेल की उच्च गति कार्य का कुशलता-पूर्वक निष्पादन किया है। इन्होंने रेल क्षेत्र में आज के समय में देश में पहली बार बहुत अधिक लागत वाले अनुबंधों को सफलतापूर्वक आवंटित किया और रेल विकास निगम लिमिटेड में कार्यों का सफल निष्पादन किया। पश्चिम रेलवे में मुख्य इंजीनियर निर्माण के रूप में इन्होंने बुनियादी ढांचा विकास की विभिन्न नवाचारी परियोजनाओं को लागू किया।

> हिन्दी का काम राष्ट्रभाषा का ही काम नहीं बल्कि राष्ट्रीयता का काम और राष्ट्रीय एकता का काम है।
> डॉ. शकर दयाल शर्मा
> भू० पू० भारत के राष्ट्रपति

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन




रे.स.ब्यू./संवा.नई दिल्ली। भारतीय रेल द्वारा उत्तर रेलवे के मुख्यालय बडौदा हाउस में दिनांक ३०.१०.२०१८ को सतर्कता जागरूकता सप्ताह का प्रारम्भ किया गया। पी.के. सिन्हा, केन्द्रिय सचिव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। अश्वनी लोहानी, अध्यक्ष रेलवे बोर्ड, सुनील माथुर प्रिंसीपल एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर/सतर्कता, महानिदेशक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। नुक्कड नाटक का मंचन, रेलवे स्टाफ के साथ इंटरेक्शन, प्रदर्शनी तथा रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विजीलेंस एक्सीलेंस अवार्ड इत्यादि कार्यक्रम के मुख्य घटक थे। इस अवसर पर संबोधित करते समय पी.के. सिन्हा, केन्द्रीय सचिव भारतीय रेल पर डिजिट- लाइजेशन के क्षेत्र में किये जा रह प्रयासों को सराहा। उन्होंने कहा कि यह कार्य भ्रष्टाचार उन्मूलन और नये भारत के निर्माण की दिशा में उल्लेखनीय कदम है।

उन्होंने बताया कि "भ्रष्टाचार उन्मूलन और नये भारत का निर्माण" इस वर्ष के सतर्कता जागरूकता सप्ताह का थीम भी है।अश्वनी लोहानी ने सत्यनिष्ठा पर विशेष बल दिया।साथ ही प्रारम्भ किये गये"मिशन सत्यनिष्ठा" की प्रगति पर संतोष जाहिर किया।

# ६० फीसदी अभ्यर्थियों ने दी रेलवे ग्रुप डी भर्ती परीक्षा

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। रेलवे ग्रुप डी भर्ती परीक्षा में शुक्रवार दिनांक २६.१०.२०१८ को प्रयागराज समेत दस शहरों के ३६ केंद्रों में २२१५० अभ्यर्थी उपस्थित हुए। परीक्षा के लिए कुल ३६६७४ अभ्यर्थियों को बुलाया गया था।

परीक्षा केंद्रों में ६०.४० अभ्यर्थियों की उपस्थिति रही। रेलवे भर्ती बोर्ड इलाहाबाद के चेयरमैन नकवी के अनुसार परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से निपट गयी। प्रयागराज में पहली पाली में ६०.२५, दूसरी पाली में ६५.४० एवं तीसरी पाली में अभ्यर्थियों की उपस्थिति का प्रतिशत ६६.३५ रहा।

# अयोध्या में लगेगी भगवान राम की १०८ मीटर ऊंची प्रतिमा



रे.स.ब्यू./संवा.लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की तर्ज़ पर अब अयोध्या में १०८ मीटर ऊंची भगवान राम की मूर्ति लगवाएंगे जो ब्रॉन्ज़ की होगी।

मूर्ति में भगवान राम को राजा के स्वरूप में दिखाया जाएगा और वे कंधे पर धनुष लिए होंग। भगवान राम की मूर्ति भी स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बनाने वाले मूर्तिकार राम सुतार ही बनाएंगे।सूत्रों के मुताबिक़ भगवान राम की मूर्ति का एक मॉडल राम सुतार ने सीएम योगी को दिखाया है जिसे उन्होंने मंजूरी दे दी है। इस मूर्ति का पेडस्टल ५ एकड़ में फैला होगा।इस पेडस्टल के अंदर म्यूज़ियम, आर्ट गैलरी, थिएटर, वगैरह होंगे।साथ ही इसके अंदर लिफ्ट भी होगी।मूर्ति के लिए उत्तर प्रदेश सरकार १० हेक्टेयर ज़मीन सरकार अधिग हीत करेगी। यह मूर्ति जनता के चंदे से बनेगी।

# निलंबित हुए गोरखपुर के नगर आयुक्त

रे.स.ब्यू./संवा. लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रेम प्रकाश सिंह, नगर आयुक्त गोरखपुर को लापरवाही के आरोप मे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है जिसकी पुष्टी अपर मुख्य सचिव नियुक्त एव कार्मिक मुकुल सिंघल ने की है। प्रेम प्रकाश सिंह की पदोन्नति पीसीएस से आईएएस संवर्ग मे हो गयी है।

परंतु उनकी प्रोन्नति केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा जारी अधिसूचना के बाद ही मानी जाएगी।

# केन्द्रीय चिकित्सालय में लम्बी कतार से मुक्ति के लिये क्यू मैनेजमेंट प्रणाली की शुरूआत

रे.स.ब्यू./संवा.जयुपर केन्द्रीय चिकित्सालय-उत्तर पश्चिम रेलवे में मरीजों को ओपीडी में चिकित्सक से परामर्श लेने के लिये लाइन में लगने से होने वाली परेशानी से बचने के लिये क्यू मैनेजमेंट प्रणाली की सुविधा प्रारम्भ की गई है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के जनसम्पर्क अधिकारी तरूण जैन के अनुसार जयुपर स्थित केन्द्रीय रेलवे चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को ओपीडी में डॉक्टर से परामर्श के लिये लाइन में लगने से होने वाली परेशानी से बचने के लिये क्यू मैनेजमेंट प्रणाली की शुरूआत दिनांक २६.१०१८ को टी.पी. सिंह महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे की उपस्थिति में वरिष्ठ चिकित्साकर्मी कृष्ण अवतार शर्मा फार्मासिस्ट ने किया। इस प्रणाली में मरीज को रजिस्ट्रेशन करवाते समय कम्प्यूटर से सम्बंधित चिकित्सक के लिये टोकन नंबर प्रदान किया जाता है, जिसका प्रदर्शन चिकित्सालय के विभिन्न स्थानों पर लगी स्कीन में निरंतर होता रहता है, इसमें यह प्रदर्शित होता है कि कितने मरीजों को देखा जा चुका है एवं कितने प्रतीक्षारत है। इस सुविधा से मरीज आराम से बैठकर अपनी बारी के अनुसार परामर्श के लिये डाक्टर के कक्ष में जा सकता है।

इस प्रणाली में मरीज को बीमारी की अवस्था में लम्बी लाइन में लगने की आवश्यकता नहीं होगी एवं आसानी से अपनी बारी आने पर डाक्टर को दिखा सकेंगे।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नये प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी ने किया कार्यभार ग्रहण

रे.स.ब्यू./संवा.बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नये प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी के पद पर सुखबीर सिंह ने कार्य भार ग्रहण किया है। प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी का कार्यभार संभालने से पूर्व सिंह, मध्य रेलवे मुम्बई में मुख्य कार्मिक अधिकारी (प्रशासन) के पद पर पदस्थ थे। निवर्तमान प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी पी.सी. नायक का स्थानांतरण ईस्ट कोस्ट रेलवे, भुवनेश्वर के प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी के पद पर किया गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में पदस्थ नवल किशोर श्रीवास्तव, वित सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी (एफ एंड बी) का स्थानांतरण प्रतिनियुक्ति पर नई दिल्ली में किया गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय में आयोजित एक विदाई समारोह में महाप्रबंधक, सुनील सिंह सोइन ने दोनों रेलवे अधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं दी।

जो धर्म दूसरे धर्म का बाधक होता है, वह धर्म नहीं कुधर्म है। सच्चा धर्म वही है जो किसी धर्म का विरोधी न हो।

# शहरों का नाम बदलना आस्था से खिलवाड़- अखिलेश यादव

रे.स.ब्यू./संवा.लखनऊ। शहरों के नाम बदलने को समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि यह परंपरा और आस्था के साथ खिलवाड़ है। यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने ट्वीट कर कहा कि प्रयाग कुंभ का नाम केवल प्रयागराज किया जाना और अर्द्धकुंभ का नाम बदलकर 'कुंभ' किया जाना परंपरा और आस्था के साथ खिलवाड़ है।उन्होंने कहा, 'राजा हर्षवर्धन ने अपने दान से प्रयाग कुंभ का नाम किया था और आज के शासक केवल 'प्रयागराज' नाम बदलकर अपना काम दिखाना चाहते हैं। इन्होंने तो 'अर्धकुंभ' का भी नाम बदलकर 'कुंभ' किया ये भी परंपरा और आस्था के साथ खिलवाड़ है। वहीं दूसरी ओर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के प्रवक्ता एवं ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने अखिलेश पर पलटवार करते हुए कहा कि आस्था के साथ खिलवाड़ तो तब हुआ था जब इस संगम नगरी का नाम बदलकर इलाहाबाद रखा गया था। श्रीकांत शर्मा ने कहा कि इलाहाबाद का नाम प्रयागराज किए जाने पर कुछ लोग जो आपत्ति जता रहे हैं, वह निराधार है। किसी जिले का नाम बदलना सरकार का अधिकार है,जहां तक आस्था की बात है तो आस्था से तब खिलवाड़ हुआ था, जब प्रयागराज का नाम बदलकर इलाहाबाद रखा गया था।उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो और भी शहरों और सड़कों का नाम बदलेगा।पूर्व में जो गलतियां हुई हैं, उन्हें हम सुधारेंग।



*किसी भी प्रकार का ज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थ लेकर रेल यात्रा ना करें।*

# इसी वर्ष शुरू होगी प्रयागराज से मुंबई, पुणे और भोपाल के लिए हवाई सेवा



रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। अगले वर्ष लगने वाले कुम्भ मेले को देखते हुए प्रयागराज से मुंबई, पुणे, भोपाल, भुवनेश्वर और गोरखपुर के लिए सीधी फ्लाइट दिसंबर माह के आखिरी सप्ताह में शुरू हो जाएगी। इन फ्लाइटों का संचालन शुरू होने के बाद प्रयागराज देश के १३ शहरों से सीधी हवाई मार्ग से जुड़ जाएंगे। बम्हरौली हवाई अड्डे में बन रहे सिविल टर्मिनल का भी ६० फीसदी काम पूरा हो चुका है जिसका जायजा लेने दिनांक ३१.१०.२०१८ को सूबे के उड्डयन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी पहुंचे। उन्होंने एयरपोर्ट निदेशक सुनील यादव के साथ वहां चल रहे कार्यों को देखा। नए एयरपोर्ट टर्मिनल को समय पर पूरा करने के लिए टाटा कंपनी को निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि कुंभ २०१६ मेले से पहले देश एवं विदेश के पर्यटकों का स्वागत करने के लिए प्रयागराज एयरपोर्ट का नया टर्मिनल बिल्कुल तैयार होगा। साथ ही दिसंबर के आखिरी सप्ताह में १३ शहरों के लिए सीधी हवाई सेवा भी शुरू हो जाएगी।

# चीफ जस्टिस भोसले को बार-बेंच की ओर से भावभीनी विदाई

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति दिलीप बाबा साहेब भोसले को सेवानिवृत्त होने पर बार और बेंच ने भावभीनी विदाई दी। मुख्य न्यायाधीश कक्ष में आयोजित फुलकोर्ट रेफरेंस में वरिष्ठ न्यायमूर्ति गोविंद माथुर ने जस्टिस भोसले के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। अन्य वक्ताओं ने भी जस्टिस भोसले के कार्यकाल को सराहा।

परंपरा के अनुसार रेफरेंस में वरिष्ठ न्यायमूर्ति गोविंद माथुर ने मुख्य न्यायाधीश के जीवन और कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जस्टिस भोसले का विधि के क्षेत्र में सराहनीय योगदान रहा है। इस अवसर पर जस्टिस भोसले ने कहा कि मैंने यहां इलाहाबाद हाइकोर्ट की गौरवशाली परंपरा का अनुभव किया है। यहां के वकीलों में अभूतपूर्व क्षमता है।

जूनियर वकीलों में भी काम के प्रति लगाव और कानून की व्याख्या करने की क्षमता है।

**लेखकों से**

राष्ट्रीय, सामाजिक, फिल्म, व्यंग्य आदि विषयों पर अप्रकाशित लेख प्रकाशन हेतु आमंत्रित है। अपने हस्तलिखित लेख कागज की एक ओर साफ अक्षरों में भेजें। प्रधान सम्पादक

# बदलते तापमान से बड़ा डेंगू का खतरा


**लक्षण**

अचानक तेज बुखार, शरीर के रेशेस, बदन दर्द, सिर दर्द, मांसपेशियों व जोड़ों में जबरदस्त दर्द प्रारंभिक लक्षण हैं। एक अन्य प्रकार के डेंगू, जिसको हेमरेजीक डेंगू कहा गया है, में रक्तस्राव के लक्षण व बेहोशी के लक्षण प्रतीत होते हैं। श्वास में रुकावट भी उत्पन्न होती है। ऐसे मरीज को तुरंत किसी अच्छे अस्पताल में, जहां आईसीयू सुविधा हो।

**बचाव**


१. रोगग्रसित मरीज का तुरंत उपचार शुरू करें व तेज बुखार की स्थिति में पेरासिटामाल की गोली दें। २. एस्प्रिन या डायक्लोफेनिक जैसी अन्य दर्द निवारक दवाई न लें। ३. खुली हवा में मरीज को रहने दें व पर्याप्त मात्र में भोजन-पानी दें जिससे मरीज को कमजोरी न लगे। ४. फ्लू एक तरह से हवा में फैलता है अतः मरीज से १० फुट की दूरी बनाए रखें तो फैलने का खतरा कम रहता है।५. जहां बीमारी अधिक मात्र में हो, वहां फेस मॉस्क पहनना चाहिए। घर के आसपास मच्छरनाशक दवाइयां छिड़काएं।

# जिलाधिकारी ने किया आरओबी का निरीक्षण



रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने जूना अखाड़ा के पास निर्माण हो रहे आरओबी तथा हेलीपैड का दिनांक २६.१०.२०१८ को गहन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी प्रयागराज ने कार्यों से संबन्धित गुणवत्ता और उसके समीप जमीन की भी जानकारी ली। इसके बाद उन्होने दारागंज मे बन रहे आरओबी को भी देखा तथा सड़कों के चौड़ीकरण तथा अतिक्रमण हटाने का भी निर्देश दिया।




### पाठक ध्यान दें

उक्त पत्रिका अपनी प्रकाशित पत्रिका रेल समाचार ब्यूरों आप सभी ग्राहको/सदस्यों एवं विशिष्टि व्यक्तियों को नियमित भेजी जा रही है। कभी-कभी विद्युत आपूर्ति एवं प्रेस कर्मीयों के क्षणीक आभाव के कारण विलम्ब से पावती के लिये खेद वक्त करता है।

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. ३२६/२५५, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं ५०२ पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-२११००३ से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.५१०६७-९० पोस्ट ए.डी-८ मो.९७९३९५६०४४ ९६५१८०४७८८, ९९३५२२४८६७ फोन नं.-०५३२-२४१८०४०

### सभी पाठकों को दीपावली की शुभकामनाएं

समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र इलाहाबाद होगा

The Only Institute in Alld. Having Results Since 1984
BANK P. O.
SSC • M.B.A. • CAT, MAT • NTSE • GD & INTERVIEWS
CLAT
LAW ENTRANCES ALLD. UNIVERSITY B.H.U., D.U. JAMIA MILLIA ETC.
FOR SURE SUCCESS
PIONEER
Law & Banking Tutorials
Colonelganj, Allahabad
M.: 9839065783 Ph.: 0532-2460610

### सभी जेड.आर.यू.सी.सी/डी.आर.यू.सी.सी. सदस्यों को नामित होने पर हार्दिक बधाई

उक्त पत्रिका आपको नियमित रूप से भेजी जा रही है। कृपया अपने परिक्षेत्र में हुए रेल सुधारों /सुझावों के बारे में अपना लेख प्रकाशन हेतु हमें भेजने की कपा करें।

प्रधान सम्पादक- ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव
मो. ९७९३९५६०४४

### संरक्षा नियमों का उल्लंघन दुर्घटना का आमंत्रण है।

***Railway Passengers Safety & Amenities Association***

***Aim of the Society is to serve the Railway Passengers***

Camp Office: House No. 8439, Arya Nagar
Paharganj, New Delhi-55
(M) 9793956044,8826765066
E-mail:railsamacharbureau@rediffmail.com
Vice Chairman
Gyanendra Kumar Srivastava

Regd. Office : 502, Panchshila Bhawan,
Triveni Road, Kydganj Allahabad-211003
Ph. : 0532-2418040
(M) 9793956044, 9651804788
Office Secy. :
S. Katar, Mrs. Kiran

*उक्त संगठन में आप भी सदस्य होकर रेल यात्रियों की सेवा कर सकते हैं। शीघ्र मिले या पत्र व्यवहार करें।*